मण्डी साक्षरता समिति
वार्षिक प्रगति रिपोर्ट 1992 से 2006 तक

मंडी साक्षरता समिति का गठन व उसकी पृष्ठभूमि

मंडी जिला में साक्षरता अभियान की शुरूआत के लिए प्रयास हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए अभियान से पहले हो चुके थे। बहुचर्चित भोपाल गैस कांड ने जब सारे देश को हिला कर रख दिया था, तब राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों, बुद्धिजीवियों, लेखकों व कलाकारों को मंच पर इकट्ठा करने की जरूरत महसूस हुई। वर्ष 1987 में 26संगठनों ने अपने आपको अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क के रूप में संगठित किया ताकि लोगों को वैज्ञानिक तौर तरीकों तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति बेहतर समझ विकसित की जा सके तथा समाज के विकास में उनके योगदान के प्रति अवगत करवाया जा सके। समाज में इस सोच को विकसित करने के लिए वातावरण निर्माण की जरूरत थी जो कला जत्थे कार्यक्रम ने पूरी की। पूरे देश में पांच क्षेत्रीय कला जत्थों को प्रशिक्षित किया गया तथा उनके द्वारा 25हजार कि.मी. की दूरी तय कर 500 से ज्यादा स्थानों पर कार्यक्रम दिखाये गये।

यह कार्यक्रम यूं तो प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी दिखाए गए। परंतु मंडी के लिए ये कार्यक्रम खास इसलिए थे क्योंकि मंडी के एक साथी कुलदीप गुलेरिया इसमें शामिल थे। जिला में कुछ जागरूक नवयुवकों में कुछ कर गुजरने का जुनून सा सवार हो गया। उनमें नव चेतना का संचार हुआ। ऐसा महसूस किया गया कि इन कला जत्थों का प्रभाव शहर तक ही सीमित रहा क्योंकि ये कार्यक्रम शहरों तक सीमित रहे जबकि गांवों में इन कार्यक्रमों की अधिक जरूरत थीं तब यह सोच राज्य स्तर पर उभर कर आई कि वैज्ञानिक चेतना को गांवों तक ले जाने से पहले साक्षरता अभियान की जरूरत है। यही एक ऐसा माध्यम होगा जिसके जरिये देश के पिछड़े, दबे कुचले व शोषित आदमी तक पहुंचा जा सकता है। इस अभियान की लोकप्रियता के लिए राष्ट्रीय साक्षरता मिशन को केरल के अर्नाकुलम जिले में चले साक्षरता अभियान आदर्श मॉडल के रूप में मिला। इसके लिए भी

जन विज्ञान जत्था चलाने की जरूरत थी ताकि वातावरण निर्माण किया जा सके। राष्ट्रीय स्तर पर डा. मालकोम आदिशेषैयया की अध्यक्षता में भारत ज्ञान विज्ञान समिति का गठन किया गया। डा. एम.पी. परमेश्वरन इसके सचिव बनाए गए।

वर्ष 1990 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष के रूप में मनाया गया। भारत ज्ञान विज्ञान समिति ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से आत्म निर्भरता व राष्ट्रीय एकता के लिए विज्ञान और साक्षरता का नारा देकर देश के लगभग 6लाख गांवों में साठ हजार केन्द्रों में भारत ज्ञान विज्ञान जत्थे आयोजित करने का आहवान किया। मंडी जिला भी इससे अछूता नहीं रहा। साक्षरता दूत के रूप में राजेन्द्र मोहन और भूपेन्द्र सिंह ने कला जत्थे की अगुवायी की। 25जून,1990 को जिला स्तरीय सम्मेलन में ही एक कला जत्थे का गठन हुआ जो थोड़े से प्रशिक्षण के बाद गांव गांव में साक्षरता की मशाल जलाने चल पड़ा। उसी जत्थे ने लोगों में साक्षरता के विषय को चर्चा का मुद्दा बनाया। जत्थे द्वारा तैयार नाटक कथा रामदीन के मुख्य पात्र रामदीन में गांव वालों को अपना अक्स नजर आया। तत्तकालीन उपायुक्त डा. अशोक रंजन बसु की अध्यक्षता में भारत ज्ञान विज्ञान समिति की मंडी इकाई का गठन किया गया। मंडी में यहीं से साक्षरता अभियान का सूत्रपात हुआ।

साक्षरता की लौ का प्रज्ज्वलन

मंडी जिले में साक्षरता अभियान के लिए जमीन पहले से तैयार हो चुकी थी। भारत ज्ञान विज्ञान समिति की मंडी इकाई पहले से मौजूद थी। परंतु हिन्दी के वरिष्ठ लेखक व सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. सुंदर लोहिया ने इस अभियान में जुड़ने की सहमति मिलने से साक्षरता के कार्य व जागरूक नवयुवकों को अधिक बल मिला। प्रो. लोहिया हालांकि सेवानिवृति के पश्चात पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशन से अपने को जोड़ कर लोगों में वैज्ञानिक चेतना का प्रसार करने का मन बना रहे थे परंतु जिले के जनूनी नौजवानों का साक्षरता के प्रति रूझान व उनकी साक्षरता अभियान से जुड़ने की अपील को भी वे ठुकरा न सके। बहस दर बहस के बाद उनकी सहमति मिल पाई। प्रो. लोहिया की सहमति मिलते ही जिले में साक्षरता अभियान चलाने के लिसे विचार विमर्श शुरू हो गया।

यह वह समय था जब साक्षरता कर्मियों के पास न तो अपना दफतर था न ही बैठने की कोई ऐसी जगह, जहां पर बैठकर इस अभियान की कार्य योजना बनाई जा सके। ऐसी विकट परिस्थिति में साहित्यकारों की मिलन स्थली की दुकान "अलंकार" काम आयी। जहां बैठकर इस विषय पर बातचीत की जाती थी। दूसरी तरफ साक्षरता अभियान की मूल भावना को जिला प्रशासन को समझने में काफी मेहनत करनी पड़ी।

क्योंकि तत्कालीन उपायुक्त श्री अजय मितल इस बात से सहमत नहीं थे कि एक साथ पूरे जिले में साक्षरता अभियान चल सकता है। उनका तर्क था कि पहले एक पंचायत को साक्षर करके दिखाओं, तब मेरे पास आना। जबकि अभियान की प्रकृति के अनुसार जिला स्तर पर साक्षरता का काम शुरू होना था साथ ही उपायुक्त का इस समिति का अध्यक्ष बनना भी जरूरी था।

मंडी साक्षरता समिति का गठन

हालांकि तत्कालीन भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश के लिए संपूर्ण साक्षरता अभियान की परियोजना राष्ट्रीय साक्षरता मिशन द्वारा स्वीकृत करवा ली थी। प्रदेश में इसकी शुरूआत 14जून,1992 को हिमाचल विश्व विद्यालय के सभागार में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम श्री आर. वेकटरमन द्वारा साक्षरता ज्योति प्रज्जवलित की गई। परंतु जिला मंडी में 5फरवरी,1992 को विधिवत ढंग से मंडी साक्षरता समिति का गठन सोसायटी एक्ट 1860 के तहत कर दिया गया था। तत्कालीन अतिरिक्त उपायुक्त श्री जी.एस.राठौर समिति के अध्यक्ष बने और प्रो. सुंदर लोहिया सचिव बनाए गए।

फरवरी माह में ही मंडी जिला के लिए अलग से साक्षरता परियोजना तैयार की गई। आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद जन सहयोग व इधर उधर से पैसा इकठ्ठा करके निरक्षरता के खिलाफ पढ़े– लिखे लोगों को एकजुट करने का प्रयास शुरू हो चुका था।

2से 8मार्च,1992 में शिवरात्रि मेले के दौरान साक्षरता के प्रचार व इसके लिए माहौल बनाने तथा जन भागीदारी के लिए साक्षरता प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में आए जिला के दूर दराज के गांव के लोगों ने अपनी भागीदारी निभाने का वायदा भी किया।

लोगों के उत्साह को देखकर मंडी साक्षरता समिति द्वारा पहले चरण में सदर, सुंदरनगर तथा रिवालसर में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

दूसरे चरण में बाकि के सात खडों में अभियान चलाया गया। चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाने का उद्देश्य यह था कि प्रथम चरण के अनुभवों का दूसरे चरण में लाभ उठाया जा सके तथा जो खामियां रहेगी उन्हें दोहराया न जा सके। समिति के गठन के चार माह बाद जब पूरे राज्य में

साक्षरता ज्योति को रवाना किया गया तब जून माह में ज्योति के मंडी पहुंचने पर विशाल जलूस निकाला गया।

अभियान के लिये चयनित कार्य

- ❖ कार्यकर्ताओं की पहचान।
- ❖ वातावरण निर्माण।
- ❖ संगठन।
- ❖ सर्वेक्षण कार्य।
- ❖ वास्तविक पढ़ाई–लिखाई कार्य।

कार्यकर्ताओं की पहचान

शिवरात्रि मेले के दौरान साक्षरता प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें एक रजिस्टर रखा गया जिसमें रूचि रखने वाले कार्यकर्ता अपना नाम व पता लिख सकते थे। इस कार्यवाही से मेले में आए दूर दूर गांव के लोगों ने भी स्थानीय तौर पर साक्षरता अभियान के काम करने की सहमति प्रदान की। दूसरे साक्षरता अभियान से पूर्व तैयारी के लिए हुई विभिन्न कार्यशालाएं चाहे वे मंडी में हुई या राज्य स्तर पर हुई उनमें कार्यकर्ताओं को चिहिन्त किया गया। तीसरे विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों,महिला मंडल, युवकमंडल अन्य स्वयं सेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं को इस अभियान के लिए चिहिन्त किया गया।

वातावरण निर्माण

वातावरण निर्माण के लिए बैनर, स्टीकर, पोस्टर तथा बैज इत्यादि तैयार करवाए गए। साथ ही कला जत्थे द्वारा गांव गांव में साक्षरता का संदेश पहुंचाया गया।

साक्षरता अभियान के लिए आयोजित कार्यशालाओं का विवरण

क्र0	दिनांक	विषय	स्तर	उद्देश्य
1	16मई,1992	संपूर्ण साक्षरता अभियान	जिला	मुख्य स्रौत व्यक्ति के चयन हेतु
2	28–30जुलाई,1992	संपूर्ण साक्षरता अभियान	जिला	मुख्य स्रौत व्यक्ति के चयन हेतु
3	8–10अगस्त,1992	नाटक लेखन कार्यशाला	जिला	कलाकारों से संबंधित
4	16–23अगस्त,1992	कला जत्था कार्यशाला	जिला	कलाकारों से संबंधित
5	10–19सितंबर,1992	कला जत्था कार्यशाला	जिला	कलाकारों से संबंधित
6	सितंबर,1992	कला जत्था कार्यशाला	खंड	कलाकारों से संबंधित
7	अक्तूबर,2002	संपूर्ण साक्षरता अभियान	खंड	मुख्य प्रशिक्षक
8	नवम्बर,1992	संपूर्ण साक्षरता अभियान	पंचायत	अक्षर सैनिक
9	नवम्बर,1993	संपूर्ण साक्षरता अभियान	क्षेत्र	मुख्य स्रौत व्यक्तिकलाकार
10	नवम्बर,1993	संपूर्ण साक्षरता अभियान	क्षेत्र	मुख्य स्रौत व्यक्तिकलाकार
11	नवम्बर,1993	महिला कला जत्था कार्यशाला	क्षेत्र	मुख्य स्रौत व्यक्तिकलाकार
12	नवम्बर,1996	संपूर्ण साक्षरता अभियान	खंड	प्रशिक्षण कार्यशाला

जिले से बाहर की कार्यशालाओं में भागीदारी

क्र0	दिनांक	विषय	स्तर	स्थान	भागीदारी
1	3–4जून,1992	संपूर्ण साक्षरता अभियान	राज्य	शिमला	8
2	4जून,1992	संपूर्ण साक्षरता अभियान	राज्य	शिमला	8
3	10–14जून,1992	संपूर्ण साक्षरता अभियान	राज्य	शिमला	6
4	11–13 जुलाई,1992	संपूर्ण साक्षरता अभियान	राज्य	शिमला	6
5	6–9अगस्त,1993	संपूर्ण साक्षरता अभियान	राष्ट्रीय	मंडी	45

बाह्य मूल्यांकन

क्र0	दिनांक	विषय	मूल्यांकन कर्ता
1	नवम्बर,1993	संपूर्ण साक्षरता अभियान का मूल्यांकन	प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय के संयुक्त निदेशक आदिशेषेया, डा. ईला पटेल (दिल्ली) तथा डा. एन.एन. पंगोत्रा,चंडीगढ़
2	जुलाई,1995	संपूर्ण साक्षरता अभियान के मूल्यांकन का जायजा	राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के महानिदेशक श्री भास्कर चटर्जी का दौरा।
3	1नवम्बर,1997	उतर साक्षरता अभियान का मूल्यांकन	मीडिया रिसर्च ग्रुप दिल्ली

❖ सभी विकास खंडों में 2085 उतर साक्षरता प्रतिभागियों से बातचीत कर मूल्यांकन किया गया विस्तृत जानकारी निम्नलिखित है:–

मौखिक साक्षात्कार

1227	267	796	204
उतर साक्षरता प्रतिभागी	वार्ड,पंचायत खंड व जिला कार्यकर्ता	उतर साक्षरता प्रतिभागी	ग्रामीण स्तर पर बाहरी व्यक्तियों से

कमेटियों का गठन

❖ विकास खंड की कमेटियों का गठन — जून,1992

❖ उप क्षेत्रीय कमेटियों का गठन — जुलाई,1992

❖ पंचायत स्तरीय कमेटियों का गठन — अगस्त,1992

❖ गांव स्तरीय कमेटियों का गठन — सितंबर,1992

सर्वेक्षण

- सितंबर,1992 में समस्त पंचायतों में शिक्षा संबंधी सर्वेक्षण किया गया।
- जुलाई,1994 से अप्रैल,1995 में सदर, रिवालसर , सुंदरनगर व करसोग खंडों की 129 पंचायतों में2,62,941 व्यक्तियों का स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया।

जुलाई,1994से अप्रैल,1995	कुल	बच्चे	बालक	बालिका
	262941	292022	14688	14514

बैठकों का विवरण

क्र0	दिनांक	विषय	स्तर	उद्देश्य
1	31 जुलाई,1992	संपूर्ण साक्षरता अभियान	जिला	सीखने का आनंद
		शिक्षा का लोक व्यापीकरण	खंड धर्मपुर	मेहमान,मेजवान पद्धति पर 1500 महिलाओं ने भाग लिया।
		महिला सशक्तिकरण	जिला	
		पंचायती राज तथा शिक्षा		

प्रदर्शनी तथा मेले तथा उत्सवों का विवरण

क्र0	दिनांक	विषय	स्थान	उद्देश्य
1	2–8मार्च	साक्षरता प्रदर्शनी	शिवरात्रि मेला मंडी	साक्षरता अभियान का प्रसार प्रचार।
2	29 दिसंबर,1992	साक्षरता उत्सव	सेरी मंच मंडी	कला जत्था कार्यक्रम अक्षर चेतना का विशेषांक का विमोचन, नवसाक्षरों को सम्मानित करना।
3	28 मार्च,1995	बलमेला	गोपालपुर	सीखने का आनंद
4		विकास दस्तक यात्रा	सभी खंडों में	
		समता उत्सव	भरौण पंचायत	

साक्षरता अभियान के अतिरिक्त अन्य विषयों पर आधारित शिविरों का आयोजन

क्र0	विषय	स्थान	उद्देश्य
1	स्वास्थ्य शिविर	प्रेसी पंचायत	822 रोगियों की जांच बारे
2	खाद्य पदार्थो का महत्व समझाने हेतु	पांगणा पंचायत स्तर	खाद्य एवम् पोषाहार विभाग के सहयोग से
3	नेत्र विकित्सा	पंचायत स्तर	राज्य स्वास्थ विभाग के सहयोग से

मूल्यांकन हेतु प्रतिभागियों का विवरण

		महिला	पुरूष	परिणाम
	उतर साक्षरता के 756 प्रतिभागी	86प्रतिशत	14प्रतिशत	56प्रतिशत लोगों ने अभ्यास पुस्तिकों से लाभ प्राप्त कियाा

नोटः– 56प्रतिशत में से 50प्रतिशत ने दक्षता हासिल की थी तथा 32 लोगों ने 70प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

विभिन्न गतिविधियां

- 14जून,1992 को औपचारिक रूप से साक्षरता समिति का गठन
- 15अगस्त,1992 को अक्षर चेतना पत्रिका का विभाग वनमंत्री हरबंस राणा द्वारा किया गया।

- 2अक्तूबर,1992 से 14 नवंबर,1992 तक खंड स्तरीय कला जत्था का भ्रमण।
- 14नवम्बर,1992 से सदर, रिवालसर व सुंदरनगर खंडों में पढ़ाई का शुभारंभ।
- 26जनवरी,1993 को करसोग खंड में साक्षरता अभियान की शुरूआत। खंड की 41 पंचायतों के 23512 निरक्षरों ने पढ़ना शुरू किया।
- महिला कला जत्थे का गठन।
- कुलाह गांव में लोगों की मांग पर अभियान की शुरूआत।
- जंगलों के कटान पर रोक लगी साक्षरता समिति के प्रयासों से।
- मई 1993 में पोस्ट कार्डो से संदेश हेतु नवसाक्षरों के पढ़ने में कम होते रूझान को रोकन हेतु विकास दस्तक यात्रा।
- सभी दस खडों में चमत्कारी जत्थों ने किया अंध विश्वास पर प्रहार।
- 1993 में चौहार घाटी में बादल फटने पर बाढ़ पीढ़ितों की सहायता हेतु साक्षरता कार्यकर्ताओं ने धन, वस्तुएं एकत्रित की।
- 1994 में करसोग खंड के पांगणा गांव में साक्षरता कार्यकर्ता द्वारा रक्त दान शिविर लगाया गया।

- 1995 में गोपालपुर खंड में पर्यावरण सप्ताह मनाया गया। पन्द्रह सौ हेक्टेयर भूमि में एक लाख बीस हजार पौधे रोपे गये।
- 26जनवरी,1994को सदर खंड,रिवालसर तथा करसोग में उतर साक्षरता अभियान शुरू हुआ।

विभिन्न गतिविधियां

- 15अप्रैल,1995 को धर्मपुर, गोपालपुर ,सराज, गोहर, द्रंग, चौंतड़ा खंडों में साक्षरता अभियान की शुरूआत हुई।
- प्रारंभिक शिक्षा का लोक व्यापीकरण हेतु धर्मपुर खंड में बच्चों का विज्ञान उत्सव के माध्यम से वातावरण निर्माण ।
- मार्च1994 को हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के सहयोग से एकता कला जत्था निकाला गया ताकि अक्षर सैनिकों में पुनः जोश भरने हेतु साक्षरता अभियान को गति प्रदान की जा सके।
- 15अगस्त 1995 को आजादी की रक्षा के लिए साक्षरता की जरूरत पर उड़न दस्ता निकाला गया जिसने राष्ट्रीय एकता व अन्य विषयों से संबंधित गीतों से लोगों को जागरूक किया।

- 5जून,1997 को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पेड़ों से कीलें व साईन बोर्ड मंडी शहर के आसपास से हटाए गए।
- ग्रामीण लोगों को संसदीय प्रणाली से अवगत कराने के लिए कई पंचायतों में जन संसदें करवाई गई।
- साक्षरता कार्यकर्ताओं के सहयोग से पर्यावरण व साक्षरता दिवसों का आयोजन किया गया।
- जल स्रोतों की सफाई की।
- जनसहयोग से पाठशालाओं में सफेदी करवाई गई।

“सतत शिक्षा कार्यक्रम”

जिला मंडी में “सतत शिक्षा कार्यक्रम” की तैयारी वर्ष 1996 में शुरू हो गई थी। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन द्वारा उपलब्ध करवाई गई मार्गदर्शिका के उपरांत 22 से 24 जुलाई,1996 को राज्य स्तरीय “सतत शिक्षा कार्यक्रम” परियोजना निर्माण कार्यशाला का आयोजन राज्य संसाधन केन्द्र शिमला (हि.प्र.) के सहयोग से व्यास सदन मंडी में किया गया। इस कार्यशाला में पूरे राज्य से जिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला मंडी में परियोजना निर्माण हेतु मंडी साक्षरता समिति के सचिव, अतिरिक्त सचिव, कोषाध्यक्ष सहित पांच सदस्यीय कोर ग्रुप का गठन किया गया। 25 नवम्बर,1997 को श्री प्रबोध सक्सेना, उपायुक्त एवम् अध्यक्ष मंडी साक्षरता समिति के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल ने “ राष्ट्रीय साक्षरता मिशन” के समक्ष परियोजना को प्रस्तुत किया जिसे मिशन ने स्वीकृति प्रदान कर दी। परियोजना स्वीकृत होने के बाद होटल आर्यन बेंग्लों मंडी में जिला मुख्यालय में कार्यरत कार्यकर्ताओं की 29–30 दिसंबर,1997 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन परियोजना के संचालन की योजना बनाने हेतु किया गया। ताकि जिला स्तर के वार्ड स्तर पर सहभागी समितियों का गठन, पूर्णकालिक तथा अंशकालिक कार्यकर्ताओं की पहचान सतत शिक्षा कार्यक्रम हेतु सर्वेक्षण प्रपत्र पर चर्चा की जा सके। हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल,1998 को “सतत शिक्षा कार्यक्रम” का शुभारंभ तत्कालीन लोक

निर्माण मंत्री श्री सुखराम ने किया। इस अवसर पर उन्होंने शैक्षणिक उपसमिति द्वारा तैयार की गई पुस्तक "एक सपने का सफर" का भी विमोचन किया। इस कार्यक्रम में पूरे जिला के सभी खंडों के 1500 से अधिक नवसाक्षरों , जनचेतना गाईडों व साक्षरता कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समारोह में नवसाक्षरों की पठन–पाठन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कुर्सी दौड़, घड़ादौड़, रस्सा कस्सी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विजेता नवसाक्षरों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किये गये। इस दिन नवसाक्षरों द्वारा बनाई गई सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

संगठनात्मक ढांचा


जिला स्तर
प्रतिभागी कमेटियां
✓ उपायुक्त मंडी अध्यक्ष
✓ कार्यकारिणी समिति
✓ जिला साक्षरता बोर्ड
✓ जिसमें सभी विभागों के प्रमुख
परियोजना समन्वयक–1
सहायक परियोजना समन्वयक–5
कार्यालय समन्वयक–1
खंड स्तर–10
उपमडलाधिकारी के नेतृत्व में खंड साक्षरता समिति
✓ खंड साक्षरता बोर्ड
✓ जिसमें सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी।
खंड समन्वयक–1
कार्यालय समन्वयक–1
जिला परिषद वार्ड पर नोडल सतत शिक्षा केन्द्र
36+16 =52
क्षेत्रीय जिला परिषद अध्यक्ष
सतत शिक्षा केन्द्र पंचायत स्तर पर–429
क्षेत्रीय समन्वयक पंचायतों पर एक
ग्राम पंचायत समिति पंचायत प्रधान अध्यक्ष
अंशकालिक पंचायत समन्वयक
मिनी सतत शिक्षा केन्द्र/ पुस्तकालय
2692
वार्ड साक्षरता समिति
अध्यक्ष वार्ड मैंबर
`स्वयं सहायता समूह/ महिला, युवक मंडल इत्यादि

विशेषज्ञ समूहों का गठन

सतत शिक्षा के सफल कार्यान्वयन हेतु तीन विशेषज्ञ समूहों का गठन किया गया। (क) मानीटरिंग समूह. (ख) प्रशिक्षण समूह. (ग) शैक्षणिक समूह। इन समूहों में 40 से 50 व्यक्तियों को शामिल किया गया। वर्ष 1999 में मंडी जिला की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सतत शिक्षा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में 10 खंडों की अपेक्षा 12 खंड बनाए गए। जिसमें बालीचौकी और निहरी के लिए अलग से खंड समन्वयक नियुक्त किये गये थे।

जन चेतना गाइडों का विवरण

कुल जन चेतना गाईड	2582		जन चेतना गाइडों का शैक्षणिक स्तर	
पुरूषों की संख्या	1052		ऑठवी से नीचे	145
महिलाओं की संख्या	1530		ऑठवी	438
अनुसूचित जाति की संख्या	599		दसवीं	1614
अनुसूचित जन जाति की संख्या	16		जमा दो	307
			स्नातक	68

पंचायत समन्वयकों का विवरण

कुल पंचायत समन्वयक	382		पंचायत समन्वयक का शैक्षणिक स्तर	
पुरूषों की संख्या	221		दसवीं से नीचे	47
महिलाओं की संख्या	161		दसवीं	255
अनुसूचित जाति की संख्या	87		जमा दो	55
अनुसूचित जन जाति की संख्या	3		स्नातक	20
			स्नातकोत्तर	5

सहायक खंड पंचायत समन्वयकों का विवरण

कुल सहायक खंड समन्वयक	51		सहायक खंड समन्वयक का शैक्षणिक स्तर	
पुरूषों की संख्या	40		दसवीं से नीचे	2
महिलाओं की संख्या	11		दसवीं	40
अनुसूचित जाति की संख्या	7		जमा दो	5
अनुसूचित जन जाति की संख्या	0		स्नातक	3
			स्नातकोत्तर	1

वर्ष 2002 में जिले में पुनः 12 की अपेक्षा पूर्ववतः 10खंड ही रखे गये। शेष संगटनात्मक ढांचा ज्यों का त्यों रहा।



वर्ष2003–2004 में संगठनात्मक ढांचा ज्यों का त्यों रहा। केवल कार्यकारिणी के सात पदाधिकारी तथा 19 सदस्य रखे गये। इसी प्रकार खंड साक्षरता समिति में पांच पदाधिकारी तथा 10 सदस्य रखे गये।

विभिन्न दिवसों का आयोजन वर्ष 1998

क्र.	दिवस	विषय	मुख्य अतिथि	स्तर	प्रतिभागी
1	15अप्रैल– हिमाचल दिवस	सतत शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ	लोक निर्माण मंत्री पंडित सुखराम	जिला	1500
2	5मई–साक्षरता मिशन स्थापना दिवस	दसवीं वर्ष गांव मनाने हेतु राज्य स्तरीय समारोह	राज्यपाल वी.एस.रमा देवी	राज्य	
3	5 जून –विश्व पर्यावरण दिवस	पोलीथीन, बाबड़ी, जल स्रोतों व रास्तों की सफाई, पेड़ों को बोर्ड व कील मुक्त करने हेतु		जिला	
4	11जुलाई–विश्व जनसंख्या दिवस	बढ़ती जनसंख्या पर विचार विमर्श तथा पौधरोपण कार्य जन सहभागिता से		खंड	
5	15 अगस्त–स्वतंत्रता दिवस	जन सभाओं का आयोजन तथा ध्वजारोहण	सराज खंड में जजैहली के विधायक जय राम ठाकुर	खंड	
6	8सितंबर– अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस	244 पंचायतों में सतत शिक्षा कार्यक्रम का प्रारंभ	सरकाघाट में प्रबोध सक्सेना, उपायुक्त,मंडी	खंड	
7	6दिसंबर– पोलियो निवारण दिवस	बच्चो को दवा पिलाने के लिए प्रेरित करना	राज्यपाल वी.एस.रमा देवी	जिला	

विभिन्न दिवसों का आयोजन वर्ष 1999

क्र.	दिवस	विषय	मुख्य अतिथि	स्तर	प्रतिभागी
1	15अप्रैल,– हिमाचल दिवस	नव साक्षर सांस्कृतिक प्रतियोगिता (गीत, पौराणिक कथाएं, रंगोली)	.....	जिला उरला	
2	31मई–विश्व तम्बाकू दिवस	धूम्रपान निषेद्ध पर विचार विमर्श।	.....	जिला मंडी	
3	5 जून –विश्व पर्यावरण दिवस	पोलीथीन, बाबड़ी, जल स्रोतों व रास्तों की सफाई, पेड़ों को बोर्ड व कील मुक्त करने हेतु	.....	खंड	1596
4	11जुलाई–विश्व जनसंख्या दिवस	सुखद परिवार पर चर्चा	वनमंत्री श्री रूपसिंह ठाकुर	जिला	600
5	15 अगस्त–स्वतंत्रता दिवस	14अगस्त की रात को मोमबती जलाकर त्यौहार का माहौल बनाया	.....	पंचायत	247 पचायतें में
6	8सितंबर–अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस	"साक्षरता से एकता" के लिए मानव श्रृंखला बनाई	.....	खंड	1900
7	3दिसंबर– लैम्प दिवस	पल्स पोलियों के प्रति जागरूकता लाने हेतु	.....	पंचायत	53पंचायतें में 1111 कार्यकर्ता
8	10दिसंबर– अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस	प्रजनन के अधिकार पर नव साक्षरों की भाषण प्रतियोगिता	.....	जिला छतरी में	3000

विभिन्न दिवसों का आयोजन वर्ष 2000में

क्र.	दिवस	विषय	मुख्य अतिथि	स्तर	प्रतिभागी
1	8मार्च–अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस	महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु आरक्षण के मुददे पर प्रधानमंत्री को 4555कार्ड भेजे गये।		पंचायतों पर	82 पंचायतों की 546 महिलाएं
2	7अप्रैल– विश्व स्वास्थ्य दिवस	स्वास्थ्य सम्बन्धी पर्चे बांटे तथा कला जत्था कार्यक्रम की प्रस्तुति	.....	खंड	
3	8मई– रैडक्रॉस दिवस	बेबी शो का आयोजन	.....	केवल दो खंडो में	
4	1अगस्त–स्तनपान दिवस	सेमिनार का आयोजन		खंड स्तर पर सभी पंचायतों में	
5	30सितंबर से 15अक्तूबर	भारत दर्शन कला जत्था कार्यक्रम		जिला स्तर	

विभिन्न दिवसों का आयोजन वर्ष 2002

क्र.	दिवस	विषय	मुख्य अतिथि	स्तर	प्रतिभागी
1	15अप्रैल–हिमाचल दिवस	साक्षरता समिति के 10 वर्ष पूरे होने पर		क्षेत्रिय	9091
2	5 जून–विश्व पर्यावरण दिवस	जिले में 808 जल स्रोतों की सफाई	.....	क्षेत्र/पंचायत	
3	11 जुलाई–विश्व जनसंख्या दिवस	जनसंख्या प्राकृतिक संसाधनों पर बोझ	.....		690प्रतिभागी 4522 पौधे रोपे गये
4	15अगस्त–स्वतंत्रता दिवस	पौधरोपण,महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं	.....	खंड	9820
5	8सितबर अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस	जिला पर रैली का आयोजन		जिला	
5	10दिसंबर–विश्व मानवाधिकार दिवस	कन्या भ्रूण हत्या विरोधी दिवस		जिला	2000

विभिन्न दिवसों का आयोजन वर्ष 2003–2004

क्र.	दिवस	विषय		स्तर	प्रतिभागी
1	26 जनवरी–गणतंत्र दिवस	मौलिक अधिकार और संविधान पर चर्चा	सभी सतत शिक्षा केन्द्रों पर		
2	8मार्च–अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस	स्वयं सहायता समूहों की फेडरेशन		जिला	2000
3	5जून–पर्यावरण दिवस	सफाई अभियान		खंड	700
4	8सितंबर–अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस	समूह द्वारा तैयार की गई वस्तुओं की प्रदर्शनी व बिक्री		जिला	400
5	10 दिसंबर–मानवाधिकार दिवस	कन्या भ्रूण हत्या व महिलाओं में खून की कमी बारे चर्चा		खंड/पंचायत	

विभिन्न दिवसों का आयोजन वर्ष 2005

क्र.	दिवस	विषय		स्तर	प्रतिभागी
1	8मार्च–अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस	महिला फैडरेशन को सशक्त बनाने व गतिविधियों के निर्धारण हेतु		जिला	250 महिलाएं
2	5जून–पर्यावरण दिवस	स्कूल में बने इको क्लबों द्वारा कूड़ा–कर्कट प्रबंधन हेतु दो–दो गडढ़ों का निर्माण			156 क्लब
3	11 जुलाई–विश्व जनसंख्या दिवस	1500 पौधों का पौधरोपण			35 क्लब

विभिन्न दिवसों का आयोजन वर्ष 2006

क्र.	दिवस	विषय		स्तर	प्रतिभागी
1	8मार्च–अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस	कन्या भ्रूण हत्या के विरोध में		खंड	

सतत शिक्षा कार्यक्रम के तहत सर्वेक्षण कार्य

क्र.	माह/ वर्ष	सर्वेक्षण कार्य	माध्यम	विवरण
1	जनवरी से मार्च 1998 तक	सतत शिक्षा संबंधी कार्य हेतु	प्रपत्र के माध्यम से	पुर्नगठित समिति, पूर्णकालिक व अंशकालिक कार्यकर्ताओं द्वारा
2	21 मई,1998	आय प्रदायक कार्यक्रम हेतु	प्रपत्र के माध्यम से	बाल्ट पंचायत में
3	सितंबर से अक्तूबर, 1998	विकलांग व्यक्तियों का सर्वेक्षण	प्रपत्र के माध्यम से	जिले की 382 पंचायतों में सभी किस्म के 3891 विकलांग पाए गए।
4	अप्रैल,1999	स्कूलों में कच्चे व पक्के कमरे, बच्चों तथा अध्यापकों की संख्या जानने हेतु	प्रपत्र के माध्यम से	जिले की 1689 प्राथमिक पाठशालाओं में(207 मिडल स्कूल,141 उच्च पाठशाला, 70 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला)
5	जुलाई–अगस्त,1999	प्राकृतिक जलस्रोतों जैसे कुआं, बावड़ी ,झरना, खड्ड,छपड़ा,खातियों की संख्या जानने हेतु	प्रपत्र के माध्यम से	जिले की 382 पंचायतों में
6	1999	ग्राम सभा संबंधी जानकारी आम लोगों की राय तथा पंचायत प्रतिनिधियों की राय जानने हेतु	प्रपत्र के माध्यम से	जिले की 382 पंचायतों में
7	मार्च,2000	सूचना,प्रशिक्षण व सीखने संबंधी जरूरतों की जानकारी हेतु	प्रपत्र के माध्यम से	जिले की 39 पंचायतों में
8	सितंबर,2002	सूचना,प्रशिक्षण व सीखने संबंधी जरूरतों की जानकारी हेतु	प्रपत्र के माध्यम से	जिले की 382 पंचायतों में
9	जुलाई–अगस्त,2002	स्वधार परियोजना के लिए पीड़ित महिलाओं की जानकारी लेने हेतु	प्रपत्र के माध्यम से	पूरे जिला में
10	सितंबर से अक्तूबर, 2002	अपंगों की जानकारी हेतु	प्रपत्र के माध्यम से	पूरे जिला में

सर्वेक्षणों का उद्देश्य

सूचना प्रशिक्षण एवम् सीखने संबंधी जरूरतों की पहचान बारे किए गये सर्वेक्षण का उद्देश्य लोगों को सूचना, प्रशिक्षण एवम् सीखने संबंधी वास्तविक जरूरतों की पहचान करना और पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए वार्ड/ ग्राम सभाओं में जन भागीदारी को बढ़ावा देकर सुक्ष्म स्तरीय योजना निर्माण के लिए माहौल तैयार करना/ सर्वेक्षण में निकलकर आई लोगों की जरूरतों के आधार पर इन जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थानीय स्तर पर योजना निर्माण व आय प्रदायक गतिविधियों के साथ लोगों को जोड़ना है। उपर्युक्त सर्वेक्षण जिले की 299 पंचायतों में किया गया और 1177 वार्ड स्तरों पर इसका समायोजन किया गया। सर्वेक्षण की रिपोर्ट को 173 ग्राम सभाओं में प्रस्तुत किया गया। चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न राजनैतिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण सर्वेक्षण कार्य बंद करना पड़ा जिसे पुनः मार्च 2003 से प्रारंभ किया गया।

वर्ष 2003–2004 में पशुपालन सर्वेक्षण, आय प्रदायक सर्वेक्षण, निःशक्त व्यक्तियों का सर्वेक्षण, पीड़ित महिलाओं का सर्वेक्षण आई. आर.डी.पी. सर्वेक्षण सहित कुल पांच तरह के सर्वेक्षण हुए।

वर्ष 2004–05 में दुधारू पशुओं का सर्वेक्षण, समूहों द्वारा किये जाने वाले कार्यो का सर्वेक्षण तथा संपूर्ण स्वच्छता हेतु सर्वेक्षण किया गया।

कपार्ट परियोजना के तहत जिले की 50 पंचायतों में खुरली, प्लेटफार्म बनाने के लिए सर्वेक्षण कराया गया।

कृषि में विविधिकरण परियोजना के तहत दो खंडों की सात पंचायतों का सर्वेक्षण कृषि बागवानी व पशुपालन की नई तकनीकी जानकारी देने हेतु विकास किया गया।

बेसहारा महिलाओं तथा 06–14 वर्ष के अनाथ बच्चों का भी सर्वेक्षण कराया गया।

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सहयोग से पूर्ण स्वच्छता अभियान हेतु सर्वेक्षण करवाया गया।

वर्ष 2005–2006

अक्तूबर से दिसंबर,2005 में कृषि विविधकरण परियोजना के तहत डेयरी समूह के लाभार्थियों के पशुओं का सर्वेक्षण करवाया गया। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य था कि पोषाहार मिलने के उपरांत लाभार्थियों को उससे कितना लाभ हुआ।

वर्ष 1998 में किए गए सर्वेक्षणों से निम्नलिखित बाते निकलकर आई :–

1. लोग कृषि से हटकर अन्य कार्य करना चाहते है ताकि अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकें।
2. लोगों का रूझान डेयरी फार्मिंग, खरगोश पालन, मधुमक्खी पालन, ग्रामीण दस्तकारी, मछली पालन, व्यवसायिक प्रशिक्षण बैमौसमी सब्जियों के उत्पादन की ओर दिखाई पड़ा।
3. सर्वे से प्राप्त विश्लेषण के आधार पर ज्ञात हुआ कि पशुपालन विभाग, कृषि विभाग , कृषि विज्ञान केन्द्र एवम् कृषि विश्वविद्यालय, मतस्य विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण तथा जिला औद्योगिक कन्द्र से सहयोग वांछित है, जिसके लिए उनके साथ संपर्क कर भविष्य की कार्ययोजना को कार्यरूप देना अनिवार्य है।

सतत् शिक्षा कार्यक्रम के तहत समिति द्वारा की गई गतिविधियां

स्वर्ण जयंती जत्था

जिला साक्षरता समिति द्वारा जिला स्तरीय कला जत्था “एक सपने का सफर” 15 अप्रैल,1998 से 5 मई,1998 तक संचालित किया गया। इस जत्थे द्वारा 12 विकास खंडों में 24 स्थानों पर कार्यक्रम दिया गया जिसमें 128 पंचायतों के लगभग 3500 लोगों ने कार्यक्रम देखा व सराहा।

विज्ञान जत्था

द्वितीय चरण में कला जत्थे ने 9सितंबर से 16 सितंबर,1998 तक ग्रामीण स्तर पर जहां जाने के लिए सड़के व अन्य सुवधिाएं नहीं थी, ऐसे क्षेत्रों में कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

दीवार लेखन

जन चेतना केन्दों को प्रचारित करने हेतु दीवार पर या बोर्ड पर जन चेतना केन्द्रों का नाम व अन्य जानकारी दी गई।

14–15 अप्रैल,1998 को व्यक्तिगत प्रतिभा विकास कार्यक्रम के तहत नवसाक्षरों की खेलखूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं जिसमें समूहगान, एकलगीत, रस्साकस्सी, पठन पाठन, घड़ा फोड़, कुर्सी दौड़, नाटी, शहनाई वादन, बांसुरी वादन इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें 35 नवसाक्षरों ने भाग लिया। इस अवसर पर नवसाक्षरों द्वारा निर्मित सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

वर्ष 1998 में व्यक्तिगत विकास कार्यक्रम के तहत नवसाक्षरों को विभिन्न कार्यालयों जैसे पंचायतघर, पटवारखाना, पुलिस थाना, स्वास्थ्य केन्द्र, डाकघर इत्यादि में ज्ञानवर्द्धन हेतु भ्रमण करवाया जिसमें प्रथम चरण में 128 पंचायतों में से 59 पंचायतों के 600 नवसाक्षरों तथा 60 साक्षरता कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

6 दिसंबर,1998 को रैडक्रॉस मेले में अब तक प्रकाशित पठन पाठन सामग्री की साक्षरता प्रदर्शनी व महिला सशक्तिकरण हेतु प्रदर्शनी लगाई। समारोह में राज्यपाल श्रीमती वी.एस.रमा देवी मुख्य अतिथि थी।

29 सितंबर,1998 को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत पल्स पोलियों हेतु बैठक का आयोजन किया गया। 6 दिसंबर 1998 को मंडी साक्षरता समिति द्वारा पूरे जिले के अधिकतर बूथों पर स्वयंसेवी नियुक्त किये जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ बच्चों को दवा पिलाने में मदद की।

वर्ष 1999 में की गई गतिविधियों का विवरण

- नोडल प्रेरकों की साक्षरता सामग्री को खुद को आत्मसात करने के लिए वाचन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें 382 पंचायतों के नोडल प्रेरकों तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया।
- जिला में महिला स्वास्थ्य व बढ़ती जनसंख्या को लोगों के बीच ले जाने के उद्देश्य से जिले की समस्त पंचायतों में 12 जत्थों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये गया जिसे 62000 लोगों ने देखा।
- 15 अप्रैल, 1999 को हिमाचल दिवस के अवसर पर नवसाक्षरों की गीत, पौराणिक गाथाएं तथा रंगोली की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।
- अक्तबूर,1999 में स्कूली बच्चों में स्वास्थ्य पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 10 दिसंबर,1999 को मानवाधिकार अवसर पर प्रजनन के अधिकार पर नवसाक्षरों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- माह दिसंबर 1999 में स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर यौन रोग एवम् एड्स पर 178 स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया गया

जिसमें 1026 लोगों ने भाग लिया। उसी बीच इस संबंध में 5000 लीफलैट बांटे गये।

- ❖ 6दिसंबर,1999 को पल्स पोलियों अभियान के तहत 871 बूथों में से 648 बूथ पर साक्षरता कर्मियों ने 0–5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाने में मदद की।
- ❖ वर्ष 1999 में स्वयं सहायता समूह निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की।

वर्ष 2000 में की गई गतिविधियों का विवरण

- ❖ जनवरी से मार्च 2000 में जीवन गुणवता सुधार कार्यक्रम के तहत मां का स्वास्थ्य, बच्चों का स्वास्थ्य तथा यौन रोग एवम् संबंधी जानकारी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य जन भ्रांतियों को मिटाकर लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सही जानकारी देना था। ये कार्यक्रम जिले की 325 पंचायतों में किए गए जिसमें 10351 महिलाओं, 943 पुरूषों ने भाग लिया इसमें 204 साक्षरता कार्यकर्ताओं तथा 100 स्वास्थ्य विभाग व 3. आई.सी.डी.एस. कार्यकर्ताओं ने स्रोत व्यक्ति के रूप में भागीदारी निभाई।
- ❖ शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले के 1789 प्राथमिक स्कूलों में से 1500 स्कूलों में माता अध्यापक संघ गठित किये गये।
- ❖ मल्लर मॉडल पर आधारित जिला की 382 पंचायतों ने 190 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया।
- ❖ जिले के सरकारी स्कूलों के कमरे, बच्चे तथा अध्यापक संबंधी जानकारी प्राप्त की गई।
- ❖ जिला की 382 पंचायतों के 2582 वार्डो में प्राकृतिक जल स्रोतों संबंधी जानकारी प्राप्त की गई ताकि इनका रखरखाव करके पानी से होने वाली बीमारियों को रोका जा सके।

वर्ष 2002 में की गई गतिविधियों का विवरण

- वर्ष 2002 में 2692 लघु सतत शिक्षा केन्द्रों को पुनः जीवित किया तथा पंचायत समन्वयकों की नव नियुक्तियों का कार्य किया गया।
- समिति द्वारा जिले के 2692 वार्डो में 2640 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया जिनके माध्यम से 30310 महिलाओं को संगठित किया गया। वर्ष 2002 तक इन समूहों ने 47,74,664/– रूपए की बचत की। 88 समूहों द्वारा बैंकों से 14,65,000/– रूपए ऋण प्राप्त किया।

- बाबा साहेब हस्तशिल्प विकास योजना में जिला उद्योग केन्द्र मंडी के सहयोग से 48 हस्त शिल्पियों के समूह गठित किये गये।
- वर्ष 2002 में पारंपरिक जल स्रोतों पर छतों के निर्माण हेतु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें कुल पांच खंडों सदर,सराज,करसोग, गोहर व सुंदरनगर के 75 जल स्रोतों पर छत निर्माण कार्य किया गया।
- वर्ष 2002 में करसोग में कृषि, स्वास्थ्य तथा पशुपालन संबंधी शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें क्रमशः 135, 44 तथा 115 लोगों ने भाग लिया तथा सराज में बागवानी संबंधी शिविर लगाया गया जिसमें 181 लोगों ने भाग लिया।

वर्ष 2003 में की गई गतिविधियों का विवरण

- अक्तूबर,2003 से फरवरी,2004 तक 75 पंचायतों के 150 वार्डो में 150 जल स्रौतों में खुरली निर्माण कार्य किया । 200 वार्डो में 200 जल स्रोतों में प्लेटफार्म निर्माण कार्य किया गया।
- दिसंबर 2003 से जनवरी,2004 तक 5 विकास खंडों के 476 वार्डो में 23000 जल मित्र पौधरोपण कार्य किया।
- फरवरी,2004 में 5 विकास खंडों की 78 पंचायतों में जल स्रोतों की सफाई व पानी को कैसे साफ रखें पर शिविर आयोजित किये गये जिसमें 2122 लोगों ने जिसमें 1899 महिला तथा 223 पुरूषों ने भाग लिया।
- 2003–2004 में मंडी नगर पर्यावरण एवम् स्वच्छता अभियान चलाया गया। शहर के चार वार्डो में 20 इक्को क्लबों का गठन किया गया।
- 5 मार्च,2003 से अप्रैल,2004 तक 10 खंडों ने पेयजल स्वच्छता कला जत्था को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें 28 कलाकारों ने भाग लिया। जिन्होंने 335 पंचायतों में कार्यक्रम प्रस्तुत किये।
- 2003–2004 में 2692 लघु पुस्तकालयों में 55435 लोगों ने ज्ञान अर्जित किया।
- 8सितंबर,2004 को कार्यालय भवन निर्माण की नींव रखी गई।

- ❖ वर्ष 2004–2005 में पांरपरिक फसलों के बीज संग्रहण व आर्गेनिक फार्मिग हेतु स्टोर का प्रावधान नाबार्ड के सहयोग से किया गया।
- ❖ वर्ष 2004–2005 में राज्य संसाधन केन्द्र द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका बाकीधार पत्रिका को तैयार किया गया।
- ❖ वर्ष 2004–05 में 150 स्कूलों में इक्को क्लब गठित किये गये जिसमें लगभग 9500 बच्चों को संगठित किया गया।
